दिनांक 11.11.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

**भिलाईनगर।** स्थानीय समाचार पत्रिका में दिनांक 10.11.2025 को प्रकाशित समाचार कार्य में विलंब करने वाले ठेकेदार पर निगम मेहरबान प्रकाशित समाचार के विषय में ज्ञात हो कि नगरपालिक निगम भिलाई, जोन 04 शिवाजी नगर अंतर्गत केनाल रोड एवं एम.पी.आर. रोड़ खुर्सीपार का सौदर्याकरण एवं विकास कार्य हेतु राशि रू. 200.00 लाख की निविदा की गई। निविदा पश्चात् राशि रु 207.397 लाख के व्यय की स्वीकृति महापौर परिषद से दी गयी। कार्यादेश कमांक 01 दिनांक 03.04.2023 को 09 माह के समयावधि में कार्य पूर्ण करने हेतु कार्यादेश दिया गया। कार्य दिनांक 15.05.2025 को 25 माह 12 दिन के समयावधि में पूर्ण किया गया। कार्य में हुये विलंब हेतु 0.50 प्रतिशत अर्थदण्ड की कटौती द्वितीय एवं अतिम देयक में की गयी है। स्वीकृत प्राक्कलन अनुसार जो कार्य नहीं कराये गये है उसका किसी भी तरह का माप पुस्तिका में दर्ज नहीं किया गया एवं न ही किसी भी तरह का भुगतान किया गया है। कार्य का कुल भुगतान राशि रू. 207.275 लाख का बनाया गया जो कि स्वीकृत राशि अतर्गत है। आयुक्त महोदय से प्राप्त निर्देशानुरतर दिनांक 06.11.2025 को स्थल निरीक्षण किया गया है. निरीक्षण के दौरान विभिन्न कार्यों में पायी गयी कमियों के संबंध में एजेंसी को कार्यों में सुधार किये जाने हेतु दिनांक 07.11.2025 को नोटिस जारी करते हुये कार्यों को यथाशीघ्र संधारित किये जाने हेतु निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया है। कार्य के प्रथम चल देयक का भुगतान राशि रू. 129.585 दिनांक 19.02.2024 को किया गया है, दिनांक 19.02.2024 के पश्चात् निविदाकार को कोई भुगतान नहीं किया गया है। इस कार्यालय द्वारा दिनांक 07.11.2025 को निविदाकार को प्रेषित नोटिस अनुसार कार्यों का संधारण किये जाने पश्चात् ही नियमानुसार मुगतान की कार्यवाही की जावेगी।